तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

6

कोरबा से उरगा जाने वाली मैन रोड बनी तालाब, लोग हो रहे हलाकान

## खबर संक्षेप

### गुजराती समाज का शरद पूर्णिमा उत्सव कल

**कोरबा।** श्री गुजराती समाज कोरबा द्वारा शरदपूर्णिमा उत्सव 7 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे से गुजराती समाज भवन में मनाया जाएगा। शरदपूर्णिमा उत्सव रात्रि 9 बजे से आरंभ होगा, प्रथम आरती के बाद रास-गरबा का आयोजन किया जावेगा। इसके पश्चात रात्रि 12 बजे आरती उपरांत स्वल्पाहार एवं खीर प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया जावेगा। श्री गुजराती समाज के पदाधिकारियों ने समाज के सभी सदस्यों से सपरिवार आयोजन में शामिल होने आग्रह किया है।

### प्रस्तावित निजी कोयला खदान का विरोध शुरु



**कोरबा।** पसान तहसील के पुटीपखना में प्रस्तावित निजी कोयला खदान का विरोध शुरु हो गया है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति पर संज्ञान नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि रुगटा संस प्राइवेट लिमिटेड चाईबासा को कोल माइंस आबंटित किया गया है। इसके लिए एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा ने पंचायत सचिवों को ग्राम सभा में प्रस्ताव ठहराव करने के लिए आदेश जारी किया है। ग्रामीणों ने ग्रामसभा में निजी कोयला खदान का विरोध किया है। जल, जंगल, जमीन को सुरक्षित रखने के लिए सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी। खदान का सभी विरोध कर रहे हैं। प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए।

### सर्व आदिवासी समाज आज देगा राष्ट्रपति प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

**कोरबा।** लद्दाख क्षेत्र के पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पर देशद्रोह और एनएसए जैसी गंभीर धाराओं के तहत की गई कार्रवाई के विरोध में सर्व आदिवासी समाज ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने कानिर्णय लिया है। जिला अध्यक्ष सेवक राम मरावी ने कहा कि सरकार द्वारा सोनम वांगचुक जैसे सम्मानित व्यक्ति पर लगाए गए देशद्रोह और एनएसए जैसे अमानवीय और अपमानजनक आरोप न केवल लोकतांत्रिक असहमति के अधिकार पर हमला हैं, बल्कि यह राष्ट्र की सामाजिक चेतना के लिए भी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह कदम संविधान के मौलिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की भावना के विपरीत है। श्री मरावी ने कहा कि इस अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आवाज उठाना समाज का कर्तव्य है। इसी उद्देश्य से 6 अक्टूबर की सुबह 11.30 बजे बुधवारी बाजार चौक कोरबा में एकत्र होकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# फसल के डिजिटल सर्वे के बाद भी जमीन का दस्तावेज करना होगा जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फसल का डिजिटल सर्वे के दौरान खेती का तैयार किया गया ऑनलाईन रिकार्ड के बाद भी किसानों को धान के पंजीयन के समय समितियों में अपने जमीन के दस्तावेजों को जमा करना होगा, जबकि बीते एक माह तक डिजिटल सर्वे अभियान ग्रामीण अंचलों में चलाया गया था। जिसके तहत प्रत्येक किसानों के पड़त भूमि और खेती वाली भूमि का रिकार्ड तैयार किया गया था।

अलग खबर

एक नवंबर से धान खरीदी शुरू हो जाएगी। जिसके लिए पंजीयन का कार्य भी शुरू हो जाएगा। उसके पहले राज्य शासन ने जो निर्देश जारी किए हैं उस निर्देश के तहत जिले में पंजीकृत किसानों को अपनी सहकारी समिति में जमीनों के दस्तावेज जमा कराना होगा, ताकि डिजिटल सर्वे से तैयार किए गए ऑनलाईन रिकार्ड एवं मैन्युअल रूप से जमा किए गए जमीनों का दस्तावेज सत्यापन कराया जा सके। इससे यह पता चलेगा कि ⏭ शेष पेज 2 पर

### एक महीने चला था डिजिटल सर्वे अभियान

**खास बातें**

- धान खरीदी पंजीयन के लिए राज्य शासन का नया निर्देश
- एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन के बाद शुरू होगी कार्यवाही




### 4 हजार किसानों ने किया था रकबा सरेंडर

पिछले वर्ष धान खरीदी सीजन के दौरान जिला प्रशासन के द्वारा भौतिक सत्यापन की जब कार्यवाही की गई थी उस दौरान किसानों के द्वारा रकबा सरेंडर किया जा रहा था। रकबा सरेंडर के अंतर्गत ऐसे किसान जो औसत उत्पादन के अनुसार फसल बेंच चुके हैं, उनसे रकबा सरेंडर करने को कहा गया था, जब इस कार्यवाही में तेजी लायी गई तो 4 हजार किसानों ने अपने रकबे का सरेंडर किया था अर्थात औसत से ज्यादा उत्पादन वाले रकबे की फसल नहीं बेंची गई।

### पिछले वर्ष सरकारी जमीन में ली गई थी फसल

बीते वर्ष राजस्व विभाग के द्वारा ग्रामीण अंचलों में एक सर्वे अभियान चलाया गया था, जिसमें देखा गया था कि कितने किसानों के द्वारा सरकारी जमीनों में कब्जा कर धान की फसल ली जा रही है और उसकी बिक्री मंडियों में की जाती है। इस सर्वे के दौरान यह जानकारी मिली कि ग्रामीण अंचलों में सरकारी जमीनों में कब्जा कर बड़ी संख्या में किसान धान की फसल ले रहे हैं, जिनकी जब्ती की कार्यवाही की गई थी। इसके साथ ही इस बात का भी खुलासा हुआ था कि किसानों के पास रिकार्ड में जितनी जमीन है उसका औसतन उत्पादन जितना होना चाहिए उससे कहीं अधिक उत्पादन कर किसान अपनी फसल बेंच रहे हैं। इससे सरकार को भी आर्थिक नुकसान हो रहा था।

## प्रति हेक्टेयर धान की खड़ी फसल पर 22 हजार 239 रुपए मिलता है मुआवजा

# खड़ी फसलों को गजराज कर रहे हैं चौपट, मुआवजा बढ़ाने उठ रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोगों द्वारा अपने खेतों में दिन-रात मेहनत कर धान की फसल तैयार कर चुके हैं और धान पकना भी शुरू हो चुका है और किसानों की मेहनत रंग दिलाने लगी है लेकिन अब किसानों की मेहनत पर हाथी पानी फेर रहे हैं। लगातार किसानों के खेतों में घुसकर उनकी खड़ी फसलों को चौपट कर रहे हैं जिससे किसान अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं। भला आप सोच रहे होंगे कि ऐसा क्यों तो हम आपको बता दें कि भले ही किसानों को फसल क्षति के रूप में वन विभाग द्वारा मुआवजा तो दिया जाता है लेकिन यह राशि पर्याप्त नहीं होने से किसान अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं और वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोग लगातार फसल क्षति की मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में हमेशा हाथियों का बसेरा रहता है। सबसे ज्यादा 50 से अधिक हाथियों का झुंड कटघोरा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में विचरण करते रहता है। साथ ही कोरबा वनमंडल के कुदमुरा और पसरखेत, करतला सहित आसपास रेंज में हाथी आना-जाना करते रहते हैं। इन दिनों अब अक्टूबर के महीने में फसल पककर तैयार हो चुका है और किसानों की मेहनत अब धान के रूप में चटक कर बाहर आने लगी है। नवंबर के महीने में धान बेचने का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा और किसानों की मेहनत का फसल मेहनत की कमाई भी सामने आने लगी है लेकिन इस अक्टूबर के महीने में जब धान पकने को तैयार हो रहा है तो हाथियों का झुंड किसानों की खेतों में घुसकर लगातार फसलों को चौपट कर रहा है और बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रहा है। वन विभाग से मिले सूत्रों को मुताबिक किसानों को प्रति हेक्टेयर किसानों को फसल क्षति के रूप में 22 हजार 239 रुपए दिया जाता है। किसानों का कहना है कि यह राशि पर्याप्त नहीं है। लगातार किसान यह ⏭ शेष पेज 2 पर


हाथियों द्वारा रौंदी गई धान की फसल।

### हाथियों का झुण्ड पहुंचा गाड़ागोड़ा, रौंदी फसल

पसान रेंज के तनेरा सर्किल में लगभग एक सप्ताह तक उत्पात मचाने के बाद हाथियों का झुण्ड बीती रात सेमरहा-गाड़ागोड़ा पहुंच गया। हाथियों के झुण्ड ने यहां पहुंचने से पहले रास्ते में हरदेवा, दर्रा तथा सेमरहा में 26 से अधिक ग्रामीणों की धान की फसल को तहस-नहस कर दिया। हाथियों के बड़ी संख्या में क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में जहां भय का वातावरण बना हुआ है वहीं वन विभाग सतर्क हो गया है। हाथियों की निगरानी करने के साथ ही सेमरहा गाड़ागोड़ा व आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। हाथियों के डर में तनेरा सर्किल में मौजूदगी के दौरान बड़ी मात्रा में धान की फसल को तहस-नहस कर दिया था तथा चार से अधिक ग्रामीणों के मकान को निशाना बनाते हुए ढहा दिया था, जिससे क्षेत्रवासी काफी परेशान थे।

### प्रति एकड़ लगभग 9 हजार रुपए मिलता है मुआवजा

वनांचल क्षेत्र में बसने वाले किसानों की खेतों में लगी फसल को हाथी चौपट करते हैं तो प्रति हेक्टेयर 22 हजार 239 रुपए के रूप में वन विभाग द्वारा किसानों को दिया जाता है। एकड़ में बात करें तो एक एकड़ के पीछे किसान को लगभग वन विभाग द्वारा 9 हजार रुपए मुआवजा दिया जाता है जबकि एक एकड़ की फसल तैयार करने में किसानों को इससे दुगना रकम भी खर्च करना पड़ता है। किसान यह राशि को बहुत कम मानते हैं और लगातार मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इन दिनों वनांचल क्षेत्र बसने वाले किसान अपने फसलों को बचाने में लगे हुए हैं लेकिन गजराज प्रतिदिन बड़े पैमाने पर किसानों की खड़ी फसलों को चौपट कर रहे हैं।

# लघुशंका कर रहे युवक से मोबाइल गाड़ी छीन भागे लुटेरे, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक अपने दोस्त के घर से मोटरसाइकिल में सवार होकर देर रात को अपने घर जा रहा था। जैसे ही सुनालिया नहर मार्ग के आगे पहुंचा था जहां उसने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर लघुशंका कर रहा था कि इसी दौरान पीछे से दो युवक पहुंचे और मोबाइल पर बात कर रहे युवक की मोबाइल छीनकर भागने लगे। युवक ने लुटेरों का पीछा किया। इस बीच तीसरा युवक पहुंचा और सड़क में खड़ी उसकी मोटरसाइकिल भी लेकर लुटेरे फरार हो गए। युवक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**खास बात**

- कोतवाली थाना क्षेत्र के सुनालिया शनि मंदिर नहर मार्ग में हुई घटना

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी शिव मंदिर गली निवासी गिरीश कुमार यादव पिता आरती लाल यादव टीपी नगर में एक अकाउंट ऑफिस में काम करता है। बताया जाता है कि 2 अक्टूबर की रात वह डीडीएम रोड निवासी अपने एक दोस्त के घर गया हुआ था। जहां से लगभग रात 1:30 बजे अपने दोस्त के घर से अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 बी 9032 में सवार होकर अपने घर सीतामढ़ी जा रहा था कि इस बीच वह शनि मंदिर के पहले नहर मार्ग पर पहुंचा था जहां लघुशंका लगने पर वह अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर मोबाइल पर बात करते हुए लघुशंका कर रहा था कि इसी बीच पीछे से दो युवक पहुंचे और उसकी मोबाइल छीनकर भागने लगे। मोबाइल छीनकर भागने के दौरान गिरीश कुमार भी उनके पीछे भागने लगा और कुछ देर जाने के बाद वह थक कर वहीं ⏭ शेष पेज 2 पर

### सीतामणी नहर मार्ग में लुटेरे रहते हैं सक्रिय

कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामणी रेलवे स्टेशन नहर मार्ग में यह पहली बार नहीं है कि इस तरह की लूटपाट की घटना हुई है। इससे पहले भी इस मार्ग में ऑटो वाले या फिर अन्य मोटरसाइकिल सवार भी लूटपाट के शिकार हो चुके हैं। पुलिस ने इस तरह के मामलों में स्थानीय लोगों को धरपकड़ कर जेल भी भेजा है लेकिन पुनः इस मार्ग में इस तरह की घटना होने से क्षेत्र के लोग चिंतित हैं। हालांकि पुलिस इस मामले में लगातार छानबीन कर रही है और पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को धरदबोचेगी।

# आदेश के बाद भी ज्वाइन नहीं कर रहे हैं शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया को चार माह बीत चुके हैं और अभी भी कुछ शिक्षकों के द्वारा अब आदेश के बाद भी अपनी पदस्थापना वाली स्कूलों में ज्वाईनिंग नहीं दी गई है। ऐसे शिक्षकों के खिलाफ वेतन रोकने के आदेश दिए जाने का भी असर नहीं हो रहा है। इस मामले में शिक्षा विभाग के द्वारा कुछ शिक्षकों के साथ दोहरा मापदण्ड भी अपनाया जा रहा है। इस मामले को लेकर शिक्षकों में रोष व्याप्त होने लगा है।

**खास बातें**

- युक्तियुक्तकरण के तहत हुए थे स्थानांतरित
- वेतन रोकने के आदेश का भी नहीं हो रहा है असर

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से दूरस्थ वनांचल के स्कूलों में धड़ाधड़ शिक्षकों की पदस्थापना हुई थी, जिससे लड़खड़ाती शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाया गया और प्राइमरी स्कूल से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक रिक्त पड़े शिक्षकों के पद भरे गए। कुछ शिक्षक युक्तियुक्तकरण के आदेश को लेकर कोर्ट चले गए, जिनका जिला स्तरीय समिति के सामने उपस्थित होकर अपने प्रकरण का निराकरण कराना था। जिसमें से अधिकांश शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति देकर निराकरण करवाया। इसके अलावा जिन शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं दी उनके खिलाफ वेतन रोकने की कार्यवाही तो शुरू हो गई और इसी कार्यवाही के तहत कुछ मामले सामने आए, जिसमें शिक्षा विभाग के द्वारा कुछ शिक्षकों के साथ लचीलापन का व्यवहार दिखाया गया है और ज्वाइनिंग नहीं देने के बाद भी उनके विरूद्ध कार्यवाही नहीं हो रही है। ऐसा मामला सामने आने के बाद दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में ज्वाइनिंग देने वाले शिक्षकों ने एक राय होकर इस मुद्दे से शिक्षा मंत्री को अवगत कराने का निर्णय लिया है। बताया जाता है कि प्रयास स्कूल में पदस्थ मोनिका राय का स्थानांतरण युक्तियुक्त प्रक्रिया के तहत करतला विकासखंड के ग्राम सेंद्रीपाली हायर स्कूल में किया गया था, किंतु उक्त शिक्षिका के द्वारा आज तक अपने पदस्थापना वाले स्कूल में ज्वाइनिंग नहीं दी गई है और न ही उन्हें प्रयास स्कूल से कार्यमुक्त किया गया है। इस प्रकरण में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर आदेश के बाद भी उक्त शिक्षिका को प्रयास स्कूल से क्यों कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है। वहीं कुछ ऐसे शिक्षक भी हैं जिन्हें सीनियर होते हुए थे सूची में जूनियर बताकर उनका स्थानांतरण वर्तमान पदस्थ वाले स्कूल से 100 किलोमीटर दूर के स्कूल में कर दिया गया। एक शिक्षक को ऐसे ही प्रकरण की वजह से हॉर्ट अटैक आने के कारण उपचार के लिए रायपुर दाखिल कराया गया था। ऐसे विषंगतिपूर्ण मामले अब सामने आने लगे हैं।

# प्लम्बर का अपहरण कर सामुदायिक भवन में मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना अंतर्गत मांझी मोहल्ला धनुवारपारा निवासी शक्ति सहिस पिता सतीश सहिस प्लंबर का काम करता है। 3 अक्टूबर की सुबह लगभग 10 बजे उसे मोतीसागरपारा के चिंटू एवं नानू तथा उनके अन्य साथियों के द्वारा अपहरण कर सामुदयिक भवन ले जाया गया। उसने बताया कि सुबह 9 बजे नास्ता करने के लिए गया था तब यह घटना घटित हुई। इसके पहले 2 अक्टूबर को दशहरा उत्सव के समय उसका हाथ कुछ लड़के को लग गया था जो कि दो लोग शनि मंदिर के पास निवास करते हैं। उनके साथ मोतीसागरपारा के दो युवक नाम चिंटू एवं नानू, ये सभी दो बाईक में सवार होकर लगभग 6 लोगों ने उसे पकडकर सामुदायिक भवन ईतवारी बाजार कोरबा में ले जाकर बहुत मारपीट किया। उसके मोबाईल को लूट कर उसके ही मार खाने का वीडियो बनाया गया। वह थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो उसे जान से मारने की धमकी मिल रही है। प्रार्थी शक्ति सहिस की रिपोर्ट पर आरोपियों चिन्टू, नानू एवं उसके अन्य साथी के विरुध्द धारा 115(2), 140(3), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg

B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316

सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यथी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113
CAMPUSE VIEW

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

प्रति,
कार्यसंचालक (NSDC)
मॉडर्न नालेज एजुकेशन
शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,
भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013

प्रति,
कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स

महोदय,
............पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ............
2. पिता/पति का नाम ............
3. जन्मतिथि अंकों में ............
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ............
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ............
   मोबाइल नंबर ............
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ............
7. शैक्षणिक योग्यता ............

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : -** (1) आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।


मानकः पथप्रदर्शकः
800, 925, 990
P
Pratham
BHARAT KA SACHCHA BRAND
Grand
OPENING
On 06 Oct 2025
प्रथम सिल्वर्स आपके
अपने कोरबा में
लेकर आ रहा है बेहतरीन
हॉलमार्क सिल्वर कलेक्शन !!
इस धनतेरस, लाएँ घर
समृद्धि और शुद्धता
स्थान- निहारिका मेन रोड, घंटाघर चौक, कोरबा

## खबर संक्षेप



### सप्तदेव मंदिर में श्री श्याम अखण्ड ज्योतपाठ का किया गया आयोजन

**कोरबा।** श्री सप्तदेव मंदिर में प्रत्येक माह की बारस के अनुसार इस माह की अश्विन शुक्ल पक्ष की बारस शनिवार को श्री श्याम संगीतमय अखण्ड ज्योतपाठ किया गया। इस अवसर पर श्री सप्तदेव मंदिर में श्री श्याम जी का फूलों से श्रृंगार कर मंदिर में उपस्थित श्याम भक्तवृंदों के द्वारा श्री श्याम परिसर में शाम 5 बजे से रात्रि 7 बजे तक संगीतमय श्री श्याम अखण्ड ज्योत पाठ किया गया, तत्पश्चात रात्रि 7 बजे भगवान को भोग लगाकर आरती की गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। श्री सप्तदेव मंदिर ट्रस्ट परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित समस्त श्याम भाक्तों का आभार व्यक्त किया।

### एसईसीएल दीपका के श्रम वीर ने रावण के पुतले का किया दहन, उमड़ा जन सैलाब



**गेवरा/दीपका।** कोल इंडिया की मिनी रत्न कंपनी एसईसीएल दीपका में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रगति नगर दुर्गा पंडाल में मां भगवती की प्रतिमा स्थापित कर पूरे 9 दिन कॉलोनी वासी भागवत कथा कभी श्रवण किया गया। प्रगतिनगर दीपका के श्रम वीर स्टेडियम में लगातार चार दिन रास गरबा डांडिया का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में कॉलोनी वाशी एवं आसपास क्षेत्र के लोग आयोजन का आनंद उठाते हुए मां भगवती से अपनी मनोकामना की भी प्रार्थना की। तत्पश्चात विजयादशमी के पावन अवसर पर प्रगति नगर दीपका के श्रम वीर स्टेडियम में अपार जन समुदाय और पूरे स्टेडियम में खचाखच भीड़ के बीच रावण दहन का कार्यक्रम हल्की-फुल्की बूंदा बांदी होने के बावजूद आसपास क्षेत्र के जन समुदाय की स्टेडियम में पहुंचने लगे और इनका उत्साह भी कहीं कम नहीं हुआ। कार्यक्रम में एसईसीएल दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय मिश्रा, जीएम मीनिंग नरेश प्रसाद, कार्मिक प्रबंधक अमित यादव, सह प्रबंधक जितेंद्र दुबे, वरिष्ठ पार्षद पीआईसी सदस्य अरुणीश तिवारी, दादा भाई एवं एसईसीएल के अधिकारी एवं महिला मंडल की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रजनीश तिवारी एवं सांसद प्रतिनिधि पोशाक दास महंत ने पूरे जन समुदाय को संबोधित किया।

### बूंदकुंवर ने उठाया मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का भी लाभ



**कोरबा।** पोड़ीउपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जटगा की रहने वाली बूंदकुंवर ने बताया कि जब उन्होंने रामलला के दर्शन किए, तो उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। वे बोलीं मैंने कभी नहीं सोचा था कि अपने जीवन में भगवान रामलला के दर्शन कर पाऊंगी। सरकार ने जो अवसर दिया, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। 69 वर्षीय बूंदकुंवर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना खुद का घर भी बनवाया है। अब उनके पास सिर पर छत है और मन में संतोष कि सरकार की योजनाओं ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। उन्होंने बताया कि अभी बेटा-बहू के साथ गांव में रहती है। उन्हें महतारी वंदन योजना से भी हर माह एक हजार रूपए मिलते हैं। इस राशि का उपयोग वह अपने जरूरी कामों में खर्च करती है। गांव में प्रतिष्ठित बूंदकुंवर की कहानी गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। वह अपनी यादगार यात्रा के रोचक किस्सों को अक्सर किसी न किसी को बताती है। यात्रा में उनके साथ सहयोगी पल्लवी और गीता भी थीं, जिन्होंने उन्हें पूरा सहयोग दिया। सरकार की इस पहल के माध्यम से बूंदकुंवर ने गांव से बिलासपुर तक बस की, फिर बिलासपुर से अयोध्या तक रेल यात्रा की और अयोध्या धाम पहुंचीं। अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन कर लौटने के बाद वह गांव में अपनी यात्रा और सरकार की इस योजना की तारीफें करती नहीं थकती।

### स्वच्छता श्रमदान एवं सर्वधर्म प्रार्थना का किया गया आयोजन

**कोरबा।** कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा पूज्य बापू महात्मा गांधी की 156वीं जयंती पर तथा देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला संगठक वाय के तिवारी एवं कार्यक्रम अधिकारी जी एम उपाध्याय ने गांधी व शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया तथा स्वयंसेवकों के समक्ष उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों को सुनाकर प्रेरित किया तदुपरान्त सर्वधर्म प्रार्थना व गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राम का सस्वर सामूहिक गान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवक को स्वदेशी उत्पादों के प्रति आग्रही बनाते हुए देश को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया।

### शासन की योजना के बारे में कराया गया अवगत

# शासकीय योजनाओं को बिरहोर के अनुसार ढालना होगा न कि बिरहोर को योजनाओं के अनुसारः राकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



जनजाति समुदाय से मुलाकात करते हुए।

महात्मा गांधी जयंती अवसर पर प्रोफेसर प्यारेलाल आदिले एवं राकेश टंडन ने जिले के पाली विकास खंड के उड़ता ग्राम के बिरहोर जनजातीय के साथ एक दूसरे के विचारों के आदान-प्रदान कर यादगार बनाया। बिरहोर जनजाति के बैगा एवं पंचराम रतन बिरहोर ने बिरहोर जनजाति के संस्कृति, विवाह संस्कार, पितर हांकने की परंपरा, गर्भ संस्कार एवं जन्म मृत्यु की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी बताते हुए कहा कि हमारा समाज अपनी संस्कृति और परंपराओं के साथ जीवन यापन करने में अधिक आनंद का अनुभव होता है। डॉ.प्यारेलाल आदिले ने गीत गाकर किसान की महत्व को बताते हुए गांधी एवं शास्त्री के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने गांव के राकेश श्रीवास का हृदय से आभार व्यक्त किया। जिन्होंने इस विचार मिलन सभा में अपनी अहम भूमिका निभाई। दुलार सिंह बिरहोर ने बिरहोर गीत गाकर बिरहोर संस्कृति और बिरहोर जनजाति के बसाहट के लिए शासन की योजना के बारे में बताया। बिरहोर जनजाति समुदाय के लोगों ने कहा कि हमें शासन की योजनाओं की नहीं मिल पाती। बच्चो की स्कूल में पंजीयन होती तो है लेकिन बीच में शिक्षा से अलगाव हो जाता है। इस स्मरणीय यात्रा के बारे में उन्होंने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन प्रशासन द्वारा उनके रस्सी बनाने तथा बांस से संबंधित विभिन्न वस्तुओं के निर्माण के लिए उचित संसाधन तथा उसके विपणन के लिए पर्याप्त सुविधा दी जानी चाहिए। इनके सामग्रियों को शासन प्रशासन द्वारा एक समर्थन मूल्य निर्धारित कर उसके लिए बाजार व्यवस्था भी उपलब्ध करानी चाहिए। पटवा तथा मोहलाइन पेड़ से लोग रस्सी बनाने का कार्य करते हैं, इसलिए पटवा की खेती के लिए इनको उनके निवास स्थान में पर्याप्त जमीन भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

# मड़वारानी पहाड़ से निकली कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

माँ मड़वारानी पहाड़ ऊपर मुख्य मंदिरों से नवरात्रि पर्व के अंतिम दिवस पर जवारा ज्योति कलश विसजर्न के साथ समाप्त हुआ। एक हजार से अधिक मनोकामनाएं ज्योति कलश यात्रा को हसदेव नदी झींका तथा कोरबा चांपा मार्ग में स्थित नीचे मड़वारानी सोन नदी में विसर्जन पांच किलोमीटर लंबी दूरी तय कर विसर्जन किया गया। माँ मड़वारानी सेवा समिति झींका मोहरा से संरक्षक मनहरण राठौर, अध्यक्ष कुलदीप कंवर, सहस राम कौशिक, संतोष कंवर, बजरंग राठौर, रघुनंदन कंवर, सुखदेव कैवर्त, रामायण कंवर, ओमप्रकाश, चन्द्र वंशी बैगा, सुरेन्द्र कंवर, लक्ष्मण कंवर आदि माँ मड़वारानी सेवा जन कल्याण समिति से सचिव विनोद साहू, पुजारी रुप सिंह कंवर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

# मरीजों को किया फल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



फल वितरण करते लायंस क्लब के पदाधिकारी।

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब से कटघोरा छुरी के द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में पहुंचकर सभी मरीजों को फल का वितरण किया। उन सभी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई। क्लब के कोषाध्यक्ष राकेश गोयल ने कहा कि हमारे डिस्ट्रिक्ट के ऊर्जावान गवर्नर पीएमजेएफ ला विजय अग्रवाल ने कहा कि 2 से 8 अक्टूबर के दिन को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाना है, जिसमें डिस्ट्रिक्ट के लगभग सभी क्लबों को प्रतिदिन अलग अलग सेवा गतिविधियां की जानी है। इसी कड़ी में क्लब के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती सभी मरीजों को फल के साथ साथ बिस्किट व ब्रेड का भी वितरण किया गया, जिसमें उपस्थित सभी मरीजों व उनके परिजनों ने साधुवाद दिया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव प्रकाश अग्रवाल कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, पार्षद राजूदास दीवान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# दंगल जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति की पहचानः जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रतियोगिता का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री एवं अन्य।

दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में परंपरागत रूप से आयोजित विराट दंगल इस वर्ष भी जिले में आकर्षण का केंद्र बना रहा। जिले के 15 ब्लॉक में हुए इस आयोजन में न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश और झारखंड से आए नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दंगल में पहलवानों की भिड़ंत देखने हजारों की संख्या में लोग मैदान में जुटे। अखाड़े में जब पहलवानों ने कुश्ती के पारंपरिक दांव चलाए तो दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साहजनक नारों से गूंज उठे। रोमांचक मुकाबलों को देखने का आनंद हर वर्ग के दर्शकों ने लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि दंगल जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति की पहचान हैं, जो युवाओं में जोश और अनुशासन दोनों का संचार करते हैं। साथ ही उन्होंने आयोजकों को बधाई दी। विराट दंगल की अध्यक्षता अविनाश बंजारे ने की। वहीं मंच पर पूर्व महापौर राजकिशोर, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, सूरज जायसवाल, रामप्यारे कुलवंत, सोनू यादव, रामप्रसाद यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजन समिति की ओर से विजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। दंगल के दौरान माहौल पूरी तरह से उत्सवमय हो गया। चारों ओर से बजते ढोल-नगाड़े, पारंपरिक गीत और दर्शकों की जयकारें अखाड़े को ऊर्जा से भरते रहे। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने इस खेल का भरपूर आनंद लिया। कई मौकों पर दर्शक जय बजरंगबली और भारत माता की जय जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान कर देते थे। आयोजन समिति के सदस्यों का कहना है कि दंगल को और भव्य बनाने तथा अधिक राज्यों के पहलवानों को जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# लायंस क्लब ने आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



स्वास्थ्य शिविर में उपचार करते स्थानीय लोग।

लायंस क्लब आफ कोरबा द्वारा सेवा सप्ताह के तहत रविवार को लायंस चौक में कैम्प लगाकर डायबिटिज, वजन व रक्तचाप का निःशुल्क जाँच रेनुका डायग्नोसिस सेंटर के डॉ.सीपी प्रधान एवं भास्कर सिंह के सहयोग से व्यक्तियों और लायंस सदस्यों का निःशुल्क चेकअप कराया गया एवं डायबिटिज के बारे में बताया कि सभी को 45 साल की उम्र के बाद हर साल नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराना आवश्यक है एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, चिकित्सक से नियमित रूप से परामर्श लेना चाहिए। डायबिटीज को गम्भीर रोग न बनाएं, एहितयात बरते, स्वस्थ रहे, मस्त रहे, खुशहाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन रोहित राजवाड़े रहें एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर लायन डॉ. सरफराज खान, लायन रविशंकर सिंह, लायन शिव कुमार अग्रवाल, लायन मुकुल जैन, लायन अशोक चावलानी रहे। कार्यक्रम में पीएमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव), एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), लायन आनंद प्रसाद जायसवाल, एमजेएफ लायन एस.के. अग्रवाल, लायन पदमसिंह चंदेल, लायन नन्दकिशोर अग्रवाल, लायन दीपक माखीजा, लायन बृजमोहन शर्मा, लायन भगवती अग्रवाल, लायन मनमोहन यादव, लायन कान्ता अग्रवाल (जेपी), लायन मीना अग्रवाल, लायन रमेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विजय दशमी का पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीकः डॉ.विवेक रंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रावण दहन का आयोजन रानीगेट पुरानी बस्ती में दुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति द्वारा किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉ विवेक रंजन महतो रहे, अध्यक्षता सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता मुरितराम साहू, पूर्व सभापति संतोष राठौर, भाजपा नेता रमेश पोद्दार, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र पांडे, बजरंग सोनी रहे। रावण दहन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ रावण के पुतले को देखने पहुंची थी। जिसने पूरे मैदान को उत्साह और रंगीन रोशनी से जगमगा दिया। मुख्य अतिथि डॉ.विवेक रंजन महतो सहित समस्त मंचस्थ अतिथियों का दशहरा समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। पारंपरिक पूजा अर्चना के साथ रावण दहन की शुरुआत की गईं और उपस्थित जनसमूह की दशहरे की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि डॉ.महतो ने कहा विजय दशमी का पर्व बुराई पर विजय और सत्य पर असत्य की जीत का प्रतीक हैं। ये हमें अच्छाई की राह पर चलने का संदेश देता हैं। अन्य अतिथियों ने भी संबोधन दिया और दशहरे की शुभकामनाएं दी।

## आश्विन पूर्णिमा पर होगा संकल्प सभा एवं हसदेव आरती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के संरक्षण, स्वच्छता एवं तट सौंदर्यीकरण को लेकर निरंतर कार्य कर रही नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा 7 अक्टूबर को आश्विन पूर्णिमा के पावन अवसर पर संकल्प सभा एवं हसदेव आरती का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम माँ सर्वमंगला घाट पर दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा। समिति पिछले कई वर्षों से हसदेव नदी, उसकी सहायक नदियों और अन्य जल स्त्रोतों को प्रदूषण से मुक्त करने, जनजागरूकता फैलाने और धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों को जाग्रत करने हेतु प्रत्येक मास की पूर्णिमा पर हसदेव आरती का आयोजन करती आ रही है। इस विशेष आयोजन में स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम, केन्दई की साध्वी गिरिजेश नंदनी जी तथा श्री हरिहर क्षेत्र केदार, मदकू द्वीप के संत श्री रामरूपदास महात्यागी जी का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति भी रहेगी। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत शामिल होंगी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद दीपका के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल तथा नगर पंचायत छुरी की अध्यक्ष श्रीमती पद्मिनी देवांगन उपस्थित रहेंगे।

# आयुर्वेद चिकित्सक को सभी प्रकार की चिकित्सा का अधिकारः डॉ.राघवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मीडिया से चर्चा करते चिकित्सक।

आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा ने हाल ही में एक प्रेस वार्ता में आयुष चिकित्सकों के अधिकारों और राज्य सरकार द्वारा प्रकाशित राजपत्र के अनुसार एलोपैथी चिकित्सा के अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया गया कि आयुर्वेद चिकित्सक को सभी प्रकार के चिकित्सा का अधिकार दिया गया है। आयुर्वेद चिकित्सकों के छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट से एलोपैथी चिकित्सा के अधिकार के संबंध मे पारित आदेश को भी साझा किया गया। जो 2019 में राजपत्र में प्रकाशित है।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ.राघवेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रेस वार्ता में बताया कि आयुष मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आयुष चिकित्सकों के हितों एवं अधिकारों और उनके द्वारा दिये जाने वाले जन स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी भूमिका पर जोर दिया जाता है। बहुत बार ऐसा देखने में आया है किंतु कुछ लोग अज्ञानतावश, द्वेषवश अथवा स्वार्थवश विभिन्न माध्यमों से जन सामान्य मे भ्रांतिया फैलाने की कोसिश करते हैं, कि आयुर्वेदिक चिकित्सक एलोपैथिक का प्रेक्टिस नहीं कर सकता, आयुर्वेद चिकित्सक है तो वह स्त्री रोग की चिकित्सा कर सकता है या नहीं, आयुर्वेद चिकित्सक है तो वह किस हद तक सर्जरी कर सकता है, आयुर्वेद चिकित्सक है तो वह किस-किस रोग का इलाज कर सकता है। इसलिए आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा के माध्यम से इस बात जन सामान्य तक पहुँचने का प्रयास है। आयुर्वेद विधा और इनके अधिकार के विषय को बहुत ही विस्तार से की जाने वाली बात है। आयुर्वेद चिकित्सक कौन होते हैं। बीएएमएस आयुर्वेद चिकित्सा उनकी जो यह पढ़ाई है वह साढ़े चार वर्ष की पढ़ाई एवं 1 वर्ष का इंटर्नशिप होता है। इस प्रकार से कुल साढ़े पांच वर्षों की पढ़ाई के बाद इन्हें यह उपाधि दी जाती है। सर्वप्रथम उपाधि प्राप्त करने के बाद उन्हें जिस राज्य में प्रैक्टिस करना है, उस राज्य के आयुर्वेद बोर्ड में ये अपना रजिस्ट्रेशन कराते हैं। इसके पश्चात, जो चिकित्सक निजी चिकित्सा व्यवसाय करना चाहते हैं। वह नर्सिंग होम एक्ट के तहत अपने चिकित्सा संस्थान को पंजीकृत करते हैं। आयुर्वेद चिकित्सक अपने अध्ययन और अपने प्रशिक्षण के आधार पर सभी प्रकार की चिकित्सा कर सकते हैं। इसमें सभी प्रकार के रोगों की चिकित्सा की जा सकती है। चिकित्सक का चिकित्सा व्यवसाय संस्थान में जिस प्रकार की उपलब्धता है चाहे वह स्त्री रोग से संबंधित हो गुदा रोग से संबंधित हो शिशु रोग सामान्य रोग से संबंधित हो इत्यादि वह सभी प्रकार के इलाज कर सकता है साथ ही अगर संस्थान में प्रसव क्रिया की व्यवस्था है तो प्रसव भी करा सकता है। चिकित्सा के उपरांत अगर रोगी को स्कूल या किसी संस्थागत आवश्यकता के लिए अगर सर्टिफिकेट की आवश्यकता है तो उसके लिए भी वह पात्रता रखता है। प्रेसवार्ता में आयुष मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ.नागेंद्र शर्मा, सचिव डॉ.राजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ.संजय वैष्णव, जांजगीर जिला अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र मिश्रा साथ में डॉ राजीव श्रीवास, डॉ प्रदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

## युवती का मोबाइल छीनने वाला आरोपी भेजा गया जेल

**कोरबा।** विगत दिनों एक युवती अपने स्कूटी पर सवार होकर ट्रांसपोर्ट नगर काम करने बैंक आ रही थी कि इस दौरान एक युवक ने उसका पीछा करते हुए उसके हाथ से मोबाइल को छीन लिया था। पुलिस ने इस मामले को सुलझाते हुए नगर निगम के अधीन प्लेसमेंट एजेंसी में काम करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बालको निवासी युवती 2 अक्टूबर को अपने एक्टीवा में सवार होकर टीपी नगर स्थित बैंक आ रही थी कि इस दौरान बुधवार के समय पोड़ीबाहर निवासी आकाश शुक्ला नामक युवक ने उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गया था। पुलिस ने मामले में उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई थी और लूटपाट के मामले में पुलिस ने आकाश शुक्ला को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आकाश शुक्ला नगर निगम के अधीन प्लेसमेंट एजेंसी में काम करता है जो नगर सेना में फिलहाल कार्य कर रहा था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### फसल का डिजिटल...

बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष कितने किसानों की संख्या बढ़ी है और खेती का रकबा कितना बढ़ा है। 1 सितंबर से 30 सितंबर तक डिजिटल सर्वे के दौरान राजस्व पटवारी के द्वारा खेतों में जाकर यह देखा गया था कि किस किसान के किस खेत में किस रकबे की जमीन में कौन सी फसल बोई गई है और कितनी पड़त भूमि किसानों की है, जिस पर किसी तरह की फसल नहीं ली गई है। इसके अलावा सरकारी भूमि में कब्जा कर खेती करने वाले किसानों का रिकार्ड भी तैयार किया गया है। इससे अब सरकारी जमीनों में लंबे समय से कब्जा कर धान बेचने वाले किसानों की संख्या में कमी आएगी। साथ ही पड़त भूमि, सरकारी भूमि और निजी भूमि इन सभी का रिकार्ड तैयार हो सकेगा।

### लघु शंका कर...

रुक गया। जब वह पीछे पलट कर देखा तो नहर किनारे खड़ी उसकी मोटरसाइकिल को भी तीसरा युवक आया और उसकी मोटरसाइकिल को लेकर वहां से रफूचक्कर हो गया। जिसके बाद उसने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लूटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खड़ी फसलों को...

राशि बढ़ाने की मांग सरकार से कर रहे हैं लेकिन राशि नहीं बढ़ने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है और वनांचल क्षेत्र में किसानों की खड़ी फसलों को गजराज लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं।

**TOP IN KORBA**

**GURUKRIPA COLLEGE**
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742



## 'पेट्रियट' का टीजर रिलीज, 17 साल बाद पर्दे पर लौटी मोहनलाल और ममूटी की जोड़ी

**मुंबई।** मलयालम सिनेमा के 2 मशहूर सितारे मोहनलाल और ममूटी की जोड़ी 17 साल बाद पर्दे पर लौटने को तैयार है। आखिरी बार दानों साल 2008 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'ट्वेंटी:20' में साथ नजर आए थे। अब उनकी फिल्म 'पेट्रियट' का टीजर 2 अक्टूबर को रिलीज हो गया है। फिल्म में अभिनेता फहाद फासिल और नयनतारा भी अहम किरदार में हैं। देशभक्ति, जासूसी और एक्शन से लबरेज इस फिल्म का निर्देशन महेश नारायणन ने किया है। 'पेट्रियट' के 1 मिनट 21 सेकंड के टीजर में फिल्म की कहानी का ज्यादा खुलासा तो नहीं हुआ है, लेकिन इतना पता चल गया है कि मोहनलाल एक आर्मी अधिकारी के किरदार में हैं।

लाइफ Style



## भूमि
## बाढ़ पीड़ितों के लिए बनीं मसीहा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अभिनेता सोनू सूद की तरह सराहनीय काम किया है। उन्होंने जम्मू में बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा किया और बाढ़ से बेघर अनगिनत परिवारों की मदद के लिए एक क्राउडफंडिंग अभियान की शुरुआत की।

भूमि ने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो के जरिए अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों से एकजुटता बनाने और योगदान करने की अपील की है। उनके इस सराहनीय काम की प्रशंसक भी सराहना कर रहे हैं। भूमि ने कहा, इनमें से कई परिवार दैनिक मजदूरी करते हैं और दशकों से अपने घर बना रहे थे। कुछ ही घंटों में उनकी सारी मेहनत खत्म हो गई। केट्टो इंडिया के साथ इस अभियान के जरिए हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि परिवारों को न केवल तत्काल राहत मिले, बल्कि वे सम्मान के साथ अपने जीवन को फिर से बना सकें। केट्टो के साथ साझेदारी में शुरू किए गए इस अभियान का मकसद धनराशि जुटाना है। गौरतलब है कि भूमि पेडनेकर जब इंडस्ट्री में आई थीं तो बॉक्स ऑफिस पर उनके करियर की शुरुआत तो काफी अच्छी रही थी। आयुष्मान खुराना के साथ आई उनकी फिल्म दम लगा के हईशा को फैंस का ढेर सारा प्यार मिला था। ये फिल्म सेमी हिट रही थी। इसके बाद अक्षय कुमार के साथ आई उनकी फिल्म टॉयलेट एक प्रेम कथा भी हिट रही थी। इस फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन 100 करोड़ से ज्यादा का रहा था। इसके बाद एक्ट्रेस की 4 फिल्में आईं। इनमें से 2 फिल्में हिट रहीं।

हॉलीवुड मसाला



## टॉम अंतरिक्ष में करेंगे शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम क्रूज फिर चर्चा में आ गए हैं। चबर है कि वह 26 साल छोटी अभिनेत्री एना डी अर्मास से शादी करने पर विचार कर रहे हैं। राडारऑनलाइन के साथ बातचीत में एक सूत्र ने बताया है कि अभिनेता 'मिशनः इम्पॉसिबल' के खतरनाक स्टंट की तरह अपनी शादी को भी हैरतअंगेज बनाना चाहते हैं। इसलिए वह स्काईडाइविंग करते हुए शादी कर सकते हैं। टॉम और एना ने अपने रिश्ते की पुष्टि जुलाई, 2025 में की थी। अंतरिक्ष यात्रा के शौकीन हैं टॉम।



## 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' सिनेमाघरों में लौटी...

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' जिन लोगों ने सिनेमाघरों में नहीं देखी थी, उनके पास अब एक और मौका है। 3 साल के बाद इस फिल्म को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। 16 दिसंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म में सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना और सिगोरनी वीवर मुख्य किरदार में हैं। पैंडोरा की ये कहानी दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों को भी खूब पसंद आई थी। दशहरा के मौके पर 2 अक्टूबर, 2025 को दशहरा के अवसर पर फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' दोबारा रिलीज हुई है। ये उन लोगों के लिए एक तोहफा है, जो फिल्म में पेंडोरा की दुनिया को देखने में दिलचस्पी रखते हैं। फिल्म को सिर्फ 1 हफ्ते के लिए सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है।



## बेटी को लोगों की नजरों से रखती हैं दूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार हासिल करने के बाद से चर्चाओं में हैं। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने पहली बार बताया कि वह अपनी बेटी आदिरा को दुनिया से छिपाकर क्यों रखती हैं? रानी ने बताया कि उनके इस फैसले में पति और यशराज फिल्म्स के मालिक आदित्य चोपड़ा का पूरा सहयोग है। उनका मानना है कि अपना पेशा चुनते वक्त अपनी योग्यता के आधार पर पहचान बनानी चाहिए। मीडिया से रानी ने कहा, मैंने और आदित्य ने सोच-समझकर अपनी बेटी आदिरा को लोगों की नजरों से दूर रखने का फैसला किया है। हम नहीं चाहते थे कि हमारी बेटी उस स्थिति में आए, जहां वो ज्यादा दिखे। उसे महसूस हो कि उसके साथ कुछ खास हो रहा है।



## 'अखंड-2' से तहलका मचाने को तैयार

**मुंबई।** तेलुगू सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण एक बार फिर चर्चा में हैं। उनकी फिल्म 'अखंड' ने दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों का दिल भी जीत लिया था। अब इसके दूसरे भाग 'अखंड 2' की रिलीज पर ताजा अपडेट आ गया है। फिल्म सिनेमाघरों में 5 दिसंबर को तहलका मचाने के लिए तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन बोयापाटी श्रीनु ने किया है, वहीं फिल्म के निर्माता राम आचंता और गोपीचंद आचंता हैं। 'अखंड 2' के पोस्टर में नंदमुरी का भयंकर अवतार देखने को मिला है। लंबे बाल और दाढ़ी के साथ गले में रुद्राक्ष की माला और हाथ में त्रिशूल पकड़े उनका ये अवतार प्रशंसकों को उत्साहित कर रहा है। फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हो रही है। ये 2021 में आई फिल्म 'अखंड' का सीक्वल है, जिसमें सम्युक्ता, आदि पिनिशेट्टी और हर्षाली मल्होत्रा भी हैं।

टीवी मसाला




## बिग बॉस 19: मालती चाहर वाइल्ड कार्ड से करेंगी प्रवेश

**मुंबई।** टीवी का विवादित शो 'बिग बॉस 19' दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है। घर में इस वक्त 14 सदस्य मौजूद हैं। इस बीच नया अपडेट है कि निर्माता घर में दूसरा वाइल्ड कार्ड सदस्य लाने की योजना बना रहे हैं। शहनाज गिल के भाई शहबाज बदेशा के बाद मालती चाहर दूसरी वाइल्ड कार्ड सदस्य बनकर घर में प्रवेश करेंगी।हालांकि, निर्माता ने अभी उनके नाम की पुष्टि नहीं की है।

***क्रिकेटर दीपक चाहर की बहन हैं*** : मालती भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर की बहन हैं जो अभिनेत्री होने के अलावा निर्देशक भी हैं। उन्होंने 2024 में रिलीज लघु फिल्म 'सात फेरे अ ड्रीम हाउसवाइफ' का निर्देशन किया है। इसके अलावा उन्हें 'जीनियस' (2018) और 'सदा वियाह होया जी' (2022) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। मालती मॉडलिंग और कई सौंदर्य प्रतियोगिता का हिस्सा रही हैं। 2009 में उन्होंने मिस इंडिया अर्थ का खिताब जीता था, जबकि 2014 में फेमिना मिस इंडिया की उप विजेता रहीं थी। मालती सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 10 लाख से ज्यादा समर्थक हैं। उनके 'बिग बॉस 19' में आनी की खबर से प्रशंसक भी उत्साहित हैं।

### बर्तन को लेकर आपस में भिड़ीं फरहाना और अशनूर

**मुंबई।** सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 19 में इस वक्त काफी हंगामा देखने को मिल रहा है। पिछले हफ्ते फरहाना भट्ट को घर का नया कप्तान बनाया गया था। उनकी कप्तानी ज्यादातर घरवालों को पसंद नहीं आ रही है। आगामी एपिसोड में फरहाना, अशनूर कौर और अभिषेक बजाज को ड्यूटी को लेकर आपस में भिड़ते नजर आएंगे। इस झगड़े की एक झलक सोशल मीडिया पर देखने को मिली है। शो का नया प्रोमो सोशल मीडिया पर वायरल है। प्रोमो में देखा जा सकता है कि कप्तान फरहाना गार्डन एरिया में बैठे अभिषेक और अशनूर से बर्तन खाली करने के लिए कहती हैं। जब अशनूर कहती हैं कि उन्हें अभी कोई बात नहीं करनी। इस पर फरहाना का पारा चढ़ जाता है। फरहाना, अशनूर से कहती हैं कि वो अभिषेक को भी काम करने के लिए बोलें। अभिषेक ये सुनकर भड़क जाते हैं और फरहाना को नौकरानी कहते हैं। इसके बाद दोनों में जमकर बहस होती है।



## पवन कल्याण 'ओजी' की सफलता के बाद ला रहे प्रीक्वल और सीक्वल

**मुंबई।** पवन कल्याण की हालिया रिलीज फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' को दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। 25 सितंबर को रिलीज इस फिल्म की सफलता पर अभिनेता ने भी खुशी जाहिर की। एक कार्यक्रम के दौरान पवन ने कुछ ऐसा कहा जिससे कयास लगाए जाने लगे कि 'दे कॉल हिम **OG**' का प्रीक्वल और सीक्वल आना तय है। दरअसल, पवन ने 'ओजी' की दुनिया को कायम रखने की बात कही है।




***निर्देशक संग पहली मुलाकात को किया याद*** : 'दे कॉल हिम ओजी' की सक्सेस मीट में पवन ने निर्देशक सुजीत संग पहली मुलाकात याद की। उन्होंने कहा, कहानी लिखना आसान है लेकिन पर्दे पर दिखाना मुश्किल है। शुरू में मुझे ओजी की पूरी कहानी पता नहीं थी। सुजीत ने कहा कि मुझे जापानी गैंगस्टर दिखना है। उसके हाथ में तलवार और बंदूक होगी। उन्होंने कहा, जब मैंने अपने बेटे को खुशी से कहानी पढ़ते हुए देखा तब समझ आया कि कहानी आज की पीढ़ी के लिए प्रासंगिक है।

***ओजी सीक्वल और प्रीक्वल पर दिया संकेत*** : पवन ने आगे कहा, ओजी ने मुझे आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने के साथ-साथ फिल्में जारी रखने की प्रेरणा भी दी है। इसलिए मैंने सुजीत से कहा कि वह मुझे प्रीक्वल और सीक्वल पर काम करने दें। ओजी ने मुझे फिल्में करने की प्रेरणा दी है। मैं ओजी की दुनिया को जारी रखना चाहता हूं। 'दे कॉल हिम ओजी' में अभिनेता इमरान हाशमी भी हैं। इससे उन्होंने दक्षिण सिनेमा में डेब्यू किया है।

## 'मुकुथी अम्मान 2' से नयनतारा की पहली झलक आई, महाशक्ति के रूप में छा गईं अभिनेत्री

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री नयनतारा काफी वक्त से फिल्म 'मुकुथी अम्मान 2' को लेकर चर्चा में हैं। दशहरा 2025 के खास मौके पर निर्माताओं ने फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज किया है। 'मुकुथी अम्मान 2' का हिंदी शीर्षक 'महा शक्ति' रखा गया है। पोस्टर में नयनतारा महाशक्ति के अवतार में नजर आ रही हैं। हाथ में त्रिशूल लिए उनका रूप काफी दमदार है। फिल्म का निर्देशन सुंदर सी ने किया है ,जबकि इशरी के गणेश इसके निर्माता हैं।



### 100 करोड़ के बजट में बनी फिल्म

फिल्म 'मुकुथी अम्मन 2' का निर्माण वेल्स फिल्म इंटरनेशनल और अवनि सिनेमैक्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। इसका बजट 100 करोड़ रुपये है। निर्माताओं ने एक बयान में कहा था कि 'महाशक्ति' एक स्वतंत्र कहानी है और एक बिल्कुल नई सिनेमाई फ्रेंचाइजी की शुरुआत का प्रतीक है। फिल्म की कहानी अच्छाई और बुराई पर आधारित होगी। नयनतारा के अलावा इस फिल्म में रेजिना कैसंड्रा, खुशबू सुंदर और कूल सुरेश भी अहम किरदार में हैं।

### 'द राजा साब' फिल्म 9 जनवरी, 2026 को 5 भारतीय भाषाओं में होगी रिलीज

## प्रभास की आने वाली धांसू फिल्में, एक के लिए लगा दुनिया का सबसे बड़ा सेट

*मुंबई। प्रभास का नाम उन सितारों में शुमार है, जिनकी लोकप्रियता केवल साउथ तक सीमित नहीं, बल्कि वो अपने दमदार अभिनय के दम पर दुनियाभर के दर्शकों से वाहवाही लूट चुके हैं। उनकी 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खूब बवंडर मचाया है। प्रभास अगले कुछ सालों के लिए तगड़ी तैयारी करके बैठे हैं। फिल्में बेशक अभी रिलीज से दूर हैं, लेकिन काम तेजी से चल रहा है। एक नजर प्रभास की आने वाली फिल्मों पर।*



### 'द राजा साब' के लिए बनी भव्य हवेली

प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' को लेकर उनके प्रशंसक बेसब्र हैं। फिल्म के निर्माता टीजी विश्व प्रसाद के मुताबिक पीपल्स मीडिया फैक्ट्री के स्टूडियो में इस फिल्म के लिए जो हवेली का सेट लगाया गया, वो 35,000 स्क्वायर स्क्वायर फीट में फैला हुआ है। उनके मुताबिक दुनिया के किसी भी सेट का फ्लोर इतना बड़ा नहीं है। इसे 1,200 कर्मचारियों ने 4 महीने में तैयार किया था। ये फिल्म 9 जनवरी, 2026 को 5 भारतीय भाषाओं में रिलीज होगी।

### 'स्पिरिट'

प्रभास के खाते में 'स्पिरिट' भी है, जिसका निर्देशन पिछली बार रणबीर कपूर के साथ 900 करोड़ रुपये छाप चुके निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। 'एनिमल' से बॉक्स ऑफिस पर धुआं उड़ाने वाले संदीप अब प्रभास के साथ 500 करोड़ी फिल्म 'स्पिरिट' लेकर आ रहे हैं, जिसमें पहली बार सुपरस्टार की जोड़ी तृप्ति डिमरी के साथ बनी है। खास बात ये है कि इस फिल्म में प्रभास 3 अलग-अलग अवतार में नजर आएंगे। फिल्म अगले साल रिलीज होगी।



### 'फौजी'

निर्देशक हनु राघवपुड़ी की 'फौजी' में भी प्रभास मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। ये एक भव्य वॉर ड्रामा फिल्म होने वाली है, जिसमें बॉलीवुड से अभिषेक बच्चन की भी एंट्री कराई गई है। ये फिल्म 1940 के भारत में सेट है। ये सुभाष चंद्र बोस के समय को भी दर्शाएगी। फिल्म में प्रभास उनकी फौज में काम करते हुए दिख सकते हैं। इसका बजट करीब 300 करोड़ रुपये है। फिल्म अगले साल अप्रैल में दर्शकों के बीच आ सकती है।

### 'सालार 2' और 'कल्कि 2'

'सालार' ने दुनियाभर में शानदार कमाई की थी और प्रभास के गिरते स्टारडम को संभाला था। अब फिल्म का अगला भाग आने वाला है।'सालार 2' में राजनीति, एक्शन और खूब ड्रामा होगा। निर्माता के मुताबिक, सीक्वल एक्शन के मामले में बहुत बड़ा साबित होगा। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। उधर प्रभास अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कल्कि 2898 AD' का सीक्वल ला रहे हैं। ये अगले साल सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगा।

5- Oct- KORBA- bhoomi- FULL-pg-5_Layout 1 10/5/2025 11:17 PM Page 1




# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH















## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : 96308-91863**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
**नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863**

## खबर संक्षेप

### कोयला और इस्पात समिति का हुआ पुनर्गठन, सांसद महंत बनीं सदस्य

**कोरबा।** कोयला और इस्पात समिति का पुनर्गठन किया गया है। विभाग संबंधित संसदीय



स्थायी समितियों के तहत गठित समिति से राज्यसभा के तीन सदस्य बाहर हुए हैं तथा एक नया सदस्य को शामिल किया गया। समिति के दो सदस्य पद रिक्त रखे गए हैं। 31 सदस्यीय समिति में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सांसद सम्मिलित किए जाते हैं। 26 सितम्बर को समिति का पुनर्गठन किया गया। इसमें लोकसभा के सभी 21 सांसदों को सदस्य के रूप में यथावत रखा गया है। कोयला और इस्पात समिति के चेयरमैन अनुराग ठाकुर भी यथावत हैं। राज्यसभा से लिए जाने वाले सदस्यों में बदलाव किया गया है। समिति में शामिल रहे रवंगव्रा नारज़ारी, मानस रंजन मंगराज, फौजिया तहसीन अहमद खान को बाहर किया गया है। नए सदस्य के तौर राज्यसभा के सांसद डॉ. सरफराज अहमद को सम्मिलित किया गया है। पुनर्गठन में राज्यसभा से लिए जाने वाले सदस्य के दो पद रिक्त रखे गए हैं।

### परम पूज्य गुरुदेव भगत प्रकाश महाराज का सप्तदेव मंदिर में हुआ स्वागत



**कोरबा।** सिंधी समाज के परम पूज्य गुरुदेव भगत प्रकाश का शनिवार को कोरबा नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर प्रातः 11 बजे गुरुदेव भगत प्रकाश श्री सप्तदेव मंदिर पधारे जहां पर मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने उनको दुपट्टा ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। परम पूज्य गुरुदेव ने मंदिर में मां श्री राणी सती दादी का एवं मंदिर में विराजित समस्त देवी देवताओं के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया एवं नवनिर्माण श्री सप्तदेव मंदिर की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर सिंधी समाज के गणमान्य नागरिकों के अतिरिक्त मंदिर के प्रमुख ट्रस्ट्री गौरव मोदी, श्रीमती किरण मोदी, श्री सप्तदेव मंदिर महिला मंडल समिति एवं अग्रवाल महिला मंडल समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### प्रेरणा महिला मंडल ने गरबा उत्सव में बिखेरा रंग और उमंग



**कोरबा।** नवरात्रि पर डीएसपीएम कोरबा पूर्व के आवासीय परिसर स्थित सीनियर क्लब में प्रेरणा महिला मंडल द्वारा गरबा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंकज के कुशल मार्गदर्शन में सभी सदस्यों ने मनमोहक गरबा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अल्का कंसल एवं श्रीमती निवेदिता बंजारा ने की। माता की प्रतिदिन आराधना के उपरांत गरबा संपन्न हुआ तथा प्रसाद का वितरण किया गया। कन्या भोज के दिन सभी सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को सपरिवार आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का समापन कन्या भोज के साथ किया गया। सभी बच्चों और बड़ों को उपहार भी प्रदान किए गए। इस आयोजन को सफल बनाने में उपाध्यक्षा श्रीमती अनुसरना, सचिव श्रीमती पूनम भगत, सह-सचिव श्रीमती भारती खरे एवं श्रीमती रजनी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती रश्मि साहू, गेम्स सचिव श्रीमती सीमा राजपूत एवं श्रीमती अनामिका गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती कादंबरी राणा एवं श्रीमती गीता पैकरा एवं प्रेरणा महिला मंडल की सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### ट्रेनों की घंटों लेटलतीफी के चलते यात्री हो रहे हलाकान

**जांजगीर-चांपा।** ट्रेनों के घंटो लेट लतीफी के चलते रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके चलते यात्रियों की दिक्कते और बढ़ गई है। यात्री ट्रेन आने के इंतजार में घंटों प्लेटफार्म पर बैठे रहते है। रविवार 5 अक्टूबर को ही हावड़ा से चलकर अहमदाबाद को जाने वाले हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से करीब पौने चार घंटा लेट पहुंची। इसी प्रकार मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस भी तीन घंटे की देरी जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेने भी लेट चल रही है। गौरतलब है कि जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के माध्यम से प्रतिदिन हजारों की तादाद में रेल यात्री बिलासपुर, रायगढ, कोरबा, दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता, चेन्नई सहित अन्य प्रमुख शहरों की ओर आवाजाही करते है। वहीं ट्रेनो के घंटों लेट लतीफी के चलते रेल यात्रियों की परेशानी और भी बढ़ गई है। उन्हें ट्रेन के आने के लिए घंटो इंतजार भी करना पड़ता है। मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग होने के कारण जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन से हावडा-अहमदाबाद, छतीसगढ एक्सप्रेस, लिंक एक्सप्रेस, टाटानगर ईतवारी, बिलासपुर रायगढ लोकल, रायगढ बिलासपुर सहित अन्य प्रमुख ट्रेनों गुजरती है।

## कन्या आश्रम छात्रावास के दौरे करने का है प्रावधान

# जिले में है बालिका शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति, फिर भी नहीं होता दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग और समग्र शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित कन्या आश्रम छात्रावास के निरीक्षण के लिए शिक्षा विभाग में बालिका शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति होने के बाद भी उनके दौरे को लेकर कोई विभागीय जानकारी सामने नहीं आती। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासन की ओर से बालिका शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति शिक्षा विभाग में की गई है। जिनको अधिक से अधिक संख्या में छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है।

**खास बात**

- शिक्षा विभाग में कार्यरत है बालिका शिक्षा अधिकारी

ग्रामीण अंचलों में अभी भी कई ऐसे स्कूल हैं जहां कि दर्ज संख्या यह बताती है कि प्राईमरी स्कूल में बालिकाओं की संख्या बालक से कम है। इसी विषंगति को दूर करने के लिए राज्य शासन के द्वारा प्रदेश के सभी जिले के शिक्षा विभाग में बालिका शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिले के शिक्षा विभाग में भी बालिका शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति की गई है। इस पद पर श्रीमती शशिप्रभा सोनपुरे को पदस्थ किया गया है। उनको ही जिम्मेदारी दी गई है कि कन्या आश्रम छात्रावास का निरीक्षण करने के साथ बालिका शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए मैदानी स्तर पर जाकर कार्य करे और शिक्षा से वंचित बालिकाओं को स्कूल में दाखिला करवाएं। अधिकांश शिक्षकों को तो जिले में कोई बालिका शिक्षा अधिकारी की पदस्थापना भी है, जिसकी जानकारी भी नहीं है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार की गतिविधियों का संचालन किया जाना भी आवश्यक होता है। ये सब बालिका शिक्षा अधिकारी के देखरेख में की जाती है, किंतु जिले में बालिका शिक्षा को लेकर कोई बड़ा वर्कशॉप या ग्रामीण अंचलों में कोई बड़ा अभियान दिखाई नहीं पड़ता। इससे बालिका शिक्षा अधिकारी की कार्यों पर ही सवाल खड़े होते हैं। यह तो उन्हें बालिका शिक्षा के प्रचार प्रसार का काम न सौंपकर बाबूगिरी का काम कराया जा रहा है। जिसके कारण बालिका शिक्षा अधिकारी अपना मूल कार्य नहीं कर पा रही है।

**लंबे समय देख रहे हैं एक ही प्रभार**

शिक्षा विभाग में कई ऐसे बाबू हैं जो बीते लंबे समय से एक ही शाखा का प्रभार देख रहे हैं, जिनसे उनके विभाग में मोनोपाली चल रही है, जबकि शिक्षा मंत्री ने जिला शिक्षा अधिकारियों की पिछले महीने ली गई बैठक में लंबे समय से एक ही प्रभार को देखने वाले कर्मचारियों के प्रभारी में बदलाव करने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश का जिले के शिक्षा विभाग में असर होता नजर नहीं आया है। एक पखवाड़ा बीतने के बाद भी लंबे समय से एक ही शाखा का प्रभार देखने वाले बाबूओं के कार्यों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एक ही शाखा का प्रभार देखने के कारण इन बाबूओं के प्रभाव के आगे अधिकारी भी बेबस नजर आते हैं। यह स्थिति शिक्षा विभाग के साथ साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भी नजर आती है।

## मोबाइल दुकान में चोरी के मामले में एक नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत भिलाईखुर्द निवासी लखन पटेल उम्र 35 वर्ष पिता राम कुमार पटेल ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 1 अक्टूबर को मिनीमाता कॉलेज के पास कुआंभट्ठा, मुड़ापार-घंटाघर रोड कोरबा में लखन मोबाईल रिपेयरिंग सेंटर का संचालन करता है यह उक्त दुकान में इयर फोन वगैरह बेचने के अतिरिक्त कम्प्युटर, मोबाईल फोन बनाने का काम करता है। विगत दिनों अज्ञात चोरों ने उसके दुकान का शटर तोड़कर मोबाइल सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली थी इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की तहकीकात में जुटी हुई थी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने एक नाबालिक बालक सहित आरोपी राहुल सारथी एवं संजू पटेल से चोरी गये समस्त मशरूका को विधिवत बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 331 (4), 305(1), 3 (5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## एनीकट में लापता युवक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत अमरैय्यापारा निवासी पवन सिंह अपने भाई श्याम सिंह और परिवार के कुछ सदस्यों के साथ डेम के किनारे पिकनिक मना रहा था। नहाने के दौरान श्याम सिंह अचानक गहरे पानी में फंस गया और डूबने लगा। यह देखते ही पवन बिना सोचे-समझे पानी में कूद पड़ा। दोस्तों की मदद से श्याम को तो बचा लिया गया लेकिन पवन बह गया। पुलिस और नगर सेना की गोताखोर टीम और स्थानीय प्रशासन ने तलाश अभियान जारी रखा। तलाश की कड़ी में रविवार की सुबह सर्वमंगला मंदिर के सामने छठघाट पर कुछ लोगों ने एक बहते हुए शव को देखा उसे किनारे लगाने की कोशिश की गई लेकिन बहाव में आगे निकल गया। यहां डोंगा चला रहे कुछ लोगों ने किसी तरह से शव को किनारे लगाया और सूचना पुलिस को दी गई। उसकी पहचान पवन के रूप में हुई है। जानकारी होते ही उसके परिजन मौके पर पहुंच गए। मामले में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### ट्रक ने युवक को मारी टक्कर मौत, चक्काजाम

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र के जटगा चौकी के अंतर्गत बरबसपुर जटाशंकरी नदी पुल पर युवक संदीप यादव पिता बसंत यादव अपने मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार सीमेंट से भरी ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जटगा पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को सड़क किनारे हटाने का प्रयास किया। हादसे की खबर फैलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो गए और चक्काजाम कर दिया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात पूरी तरह से ठप हो गई थी। जिसके उपरांत लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस व प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि देने की घोषणा की गई। आश्वासन मिलने के बाद लोगों ने चक्काजाम समाप्त किया गया।

## ग्राम पंचायत लालपुर में फर्जी आदिवासी बनकर चुनाव लड़ने का मामला, कलेक्टर से की गई कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

पोड़ीउपरोड़ा जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर के वार्ड क्रमांक 5 में फर्जी आदिवासी बनाकर चुनाव लड़ने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत पाथा लालपुर की सरपंच ललिता देवी ओरकेरा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर इस गंभीर मामले की जांच की मांग की है। सरपंच ललिता देवी के अनुसार ग्राम के टेंकसिंह नामक व्यक्ति ने आदिवासी समुदाय का फर्जी प्रमाणपत्र बनवाकर आरक्षित वार्ड क्रमांक 5 से चुनाव लड़ा और वर्तमान में उपसरपंच पद पर आसीन है] जबकि आदिवासी जाति प्रमाण पत्र भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि टेंक सिंह प्रशासनिक नियमों की अनदेखी कर दो पंचवर्षीय कार्यकाल से लगातार शासन को गुमराह किया गया है, जो स्पष्ट रूप से पंचायत राज अधिनियम के उल्लंघन के अंतर्गत आता है। ललिता देवी ने कहा कि यह मामला न केवल फर्जी जाति प्रमाणपत्र से जुड़ा है बल्कि आरक्षित सीट पर वास्तविक आदिवासी अभ्यर्थियों के अधिकारों का हनन भी है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल जांच कर भारतीय दंड संहिता के तहत कठोर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनवाकर आरक्षण नीति का दुरुपयोग न कर सके। फिलहाल यह मामला जनपद और जिला प्रशासन दोनों के संज्ञान में आ चुका है और जांच की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल इस मामले में उप सरपंच से संपर्क किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## कोरबा से उरगा जाने वाली मेन रोड बनी तालाब, लोग हो रहे हलाकान



जर्जर सड़क जो बन चुकी है तालाब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा से उरगा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क इन दिनों तालाब का रूप ले चुकी है। हल्की बारिश होते ही सड़क पर जलभराव हो जाता है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोज़ाना इस मार्ग से हज़ारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन खराब सड़क और पानी भरने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई महीनों से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। सड़क के किनारे नाली और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी बीच सड़क पर जमा हो जाता है। निगम अधिकारियों को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक किसी ने सुध नहीं ली है। एक राहगीर ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि हम रोज़ इस रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन सड़क की हालत दिन ब दिन बदतर होती जा रही है। अधिकारी और जनप्रतिनिधि केवल आश्वासन देते हैं, लेकिन कोई काम नहीं होता। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण आम जनता को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

**अधूरी सड़क, बार-बार लगता है जाम**

सर्वमंगला से इमलीछापर निर्माणाधीन सड़क के पूर्ण नहीं होने के कारण बार बार वाहनों का जाम हमेशा लगता आया है। बारिश में यह स्थिति और भी खराब हो जाती है। जब ओव्हर ब्रिज के समीप सड़क निर्माण नहीं होने के कारण जल भराव होने से छोटे बड़े वाहन गड्ढों में फंसने लगते हैं, जिसे दोनों ओर वाहनों का जाम लगने के कारण आवागम पूरी तरह से प्रभावित हो जाता है। कोरबा शहर से पश्चिम क्षेत्र से जाने के लिए यह एकमात्र सड़क है, जो हमेशा भारी वाहनों की वजह से व्यस्त सड़क के रूप में पहचानी जाती है। सड़क निर्माण पूरा नहीं होने के कारण आम लोगों को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। बारिश के कारण कोरबा पश्चिम क्षेत्र के लोगों की समस्या और भी बढ़ जाती है।



## ट्रेक्टर की बैटरी चोरी करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हरिया निवासी भूनेश्वर सोनी उम्र 41 वर्ष पिता स्व. रामभरोस सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24-25 सितंबर की दरमियानी रात उसके ट्रेक्टर से बैटरी और पेटी की चोरी कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। इस दौरान मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम खम्हरिया निवासी मनमोहन दास, हीरा सिंह श्याम के द्वारा चोरी का बैटरी रखने की संदेह व्यक्त करने पर आरोपी मनमोहन दास के सकुनत पर दबिश देकर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपने हीरा सिंह श्याम के साथ दिनांक घटना को ट्रेक्टर में लगा बैटरी को चोरी करना स्वीकार किये तथा चोरी गये बैटरी को गौतम प्रसाद निर्मलकर के पास बिक्री करना बताये। पुलिस ने इस चोरी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से 2 नग बैटरी व अन्य सामान को जप्त कर लिया है।

### महिला के गले से सोने की माला पार, मामला दर्ज

**कोरबा।** सक्ती के थाना बाराद्वार के अंतर्गत ग्राम जेठा निवासी श्रीमति लछन बाई उम्र 50 वर्ष पति बिसाहु राम यादव ने उरगा थाना मे रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 अक्टूबर को अपने परिवार के अन्य सदस्य एवं उसकी पुत्री व पुत्र के साथ ग्राम मड़वारानी देवी दर्शन के लिये आये हुये थे। देवी दर्शन करने के बाद लछन बाई व उसके पुत्र पुत्री पैदल ही नीचे सडक के रास्ते उतर रहे थे कि दोपहर लगभग 1.30 बजे बीच रास्ते में पहुंचे थे कि किसी अज्ञात चोर के द्वारा लछन बाई के गले में पहना हुआ मंचली सोने का माला को चोरी कर ले गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## सीबीआई की चार्जशीट में हुआ खुलासा, जांच में कोई राजनीतिक षड़यंत्र नहीं मिला

# बिरनपुर मामले में भाजपा ने खेला जातीय कार्ड : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीबीआई की चार्जशीट से साफ है कि बिरनपुर मामले में भाजपा ने सांप्रदायिक और जातीय कार्ड खेला था। बिरनपुर मामले में सीबीआई ने विशेष अदालत में अपनी चार्ज शीट दाखिल किया है। सीबीआई की चार्ज शीट के तथ्य भी सार्वजनिक हुए है। सीबीआई ने चार्ज शीट में घटना का विस्तृत विवरण दिया है, उनकी विवेचना में स्पष्ट हुआ है कि यह घटना क्रम दो बच्चों के झगड़े से शुरू होकर दो परिवारों तक पहुंचा और बाद में यह दो समुदायों का झगड़ा बन गया। सीबीआई ने अपनी जांच में यह भी पाया कि इस घटना में कोई राजनैतिक षड्यंत्र नहीं था, यह एक मामूली झगडा था, जिसने खूनी रूप ले लिया। सीबीआई जांच के बिन्दु भाजपा सरकार ने तय किया था यदि जांच के बिन्दु में घटना के बाद के राजनैतिक षडयंत्र होता तो भाजपा बेनकाब हो जाती।



मीडिया से चर्चा करते पूर्व राजस्व मंत्री एवं अन्य।

उक्त बातें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने रविवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि बिरनपुर मामले में सीबीआई की चार्ज शीट से साफ हो गया की, उस समय भाजपा ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी पर जो आरोप लगाया था वह झूठा था। यह आरोप भाजपा की चुनावी लाभ लेने के उद्देश्य से की गई राजनैतिक साजिश थी। सीबीआई की चार्जशीट ने भाजपा का काला चेहरा सामने रख दिया। भाजपा ने उस समय घटना को सांप्रदायिक और जातीय रंग देकर राजनैतिक लाभ लेने का षडयंत्र रचा था। तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अरुण साव घटना के बाद वहां जाकर पूरे घटना क्रम को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किए और उसमें वे सफल भी रहे। अरूण साव जब घटना स्थल गये थे, तब उनके सामने आगजनी की गयी थी, वे वहां पर भड़काऊ भाषण दिये थे। इस मामले को लेकर भाजपा ने एक समाज को कांग्रेस के खिलाफ भडकाने का प्रयास किया। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में भी पूरे प्रदेश में इस झगड़े को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411